Ans. (a) : राजस्थान में सूखा संभाव्य (सूखा प्रभावित) क्षेत्र कार्यक्रम 1973-75 में एकीकृत क्षेत्र विकास क्षेत्र कार्यक्रम के रूप में भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया था। भूमि, जल, पशुधन, और मानवीय संसाधनों की उत्पादकता पर सूखे के प्रतिकूल प्रभावों को कम करेगा। संसाधनों को विकास वैज्ञानिक प्रबंन्धन जिसमें भूमि सुधार, मृदा संरक्षण, तालाबों, नहरों और जलाशयों की गाद निकालना, वनरोपण और चारागाह विकास, फसल पैटर्न का पुनर्गठन, वानिकी कृषि पद्धत्तियाँ, पशुधन विकास छोटे और सीमान्त किसानों और खेतिहर मजदूरों पर ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया। यह एक दीर्घकालिक विकास के लिए समग्र दृष्टिकोण का अनुसरण करता है। D.P.A.P. परियोजनाएँ देश के 13 राज्यों के 96 जिलों के 628 ब्लाकों में कार्यान्वित की गयी है।

234. राजस्थान में पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन निदेशालय की स्थापना किस वर्ष हुई?

(a) 2010 (b) 2018
(c) 2019 (d) 2020

RPSC-2022

Ans. (c) : राजस्थान सरकार 04-09-2019 को अधिसूचना जारी कर राज्य में 'पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन निदेशालय' का गठन किया। निदेशालय पर्यावरण विभाग को विभिन्न अधिनियम/नियम को लागू करने एवं पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु परिवर्तन संबंधी गतिविधि में सहयोग करेगा।

235. 1 नवम्बर, 1956 से पहले राजस्थान राज्य के प्रमुख जाने जाते थे

(a) गवर्नर जनरल (b) राज्यपाल
(c) राज प्रमुख (d) महाराजाधिराज

RPSC-2017

Ans. (c) : राजस्थान का एकीकरण 1956 तक सात चरणों में पूरा हुआ। राजस्थान के एकीकरण से पूर्व (नवम्बर 1956 से पहले) राजस्थान राज्य के प्रमुख, राज प्रमुख के नाम से जाने जाते थे एकीकरण के बाद संविधान के प्रावधानों के तहत राज्यपाल राज्य का प्रमुख बना

236. रणथम्भौर की विजय के उपरान्त अलाउद्दीन खिलजी ने इस दुर्ग को किसके अधिकार में सौंपा था?

(a) उलुग खान (b) नुसरत खान
(c) अक़ात खान (d) उमर खान

RPSC-2017

Ans. (a) : अलाउद्दीन खिलजी ने 1300 ई. स्वयं रणथंभौर दुर्ग पर घेरा डाला और 1301ई. रणथंभौर पर अधिकार कर उलुग खान को सौप दिया। अलाउद्दीन खिलजी के आक्रमण के समय रणथभौर का शासक हम्मीर देव था।

237. निम्नलिखित में से किस रचना में अमीर खुसरो ने चित्तौड़ पर अलाउद्दीन खिलजी के आक्रमण का वर्णन किया है?

(a) खजाइन-उल-फुतूह (b) नूह-ए-सिपेहर
(c) तुगलकनामा (d) मिफ्ता-उल-फुतूह

RPSC-2017

Ans. (a) : खजाइन-उल-फुतूह, मिफ्ता-उल-फुतूह किरान-उस-सादेन, आशिका, नूह-ए-सिपहर, एवं तुगलकनामा की रचना अमीर खुसरों ने किया हैं। खजाइन-उल-फुतूह में अमीर खुसरों ने अलाउद्दीन के गुजरात, चित्तौड़, मालवा एवं वारंगल की विजय का वर्णन किया है।

238. निम्न में से राजस्थान के किस जिले में ''बांका पट्टी'' पेटी फैली हुई है?

(a) भीलवाड़ा (b) नागौर
(c) चुरू (d) सीकर

RPSC-2017

Ans. (b) : नागौर जिले में पानी में फ्लोराइड की अधिकता के कारण लोग हड्डियों से जुड़ी बीमारियों से ग्रस्त हैं। पानी में फ्लोराइड की मात्रा अधिक होने से लोगों की हड्डियां बांकी-टेढ़ी हो जाती है। इसके कारण इस क्षेत्र को बांका पट्टी के नाम से जाना जाने लगा है।

239. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही नहीं है?

नदी	बाँध
(a) कोठारी -	मेजा
(b) रावी-ब्यास -	नोहर
(c) बनास -	बीसलपुर
(d) मोरेल -	पाँचना

RPSC-2018

Ans. (d) : सही सुमेलित है

नदी	बाँध	लाभान्वित जिले
1. कोठारी	मेजा	भीलवाड़ा
2. रावी-व्यास	नोहर	हनुमानगढ़
3. बनास	बीसलपुर	राजसंमद, चित्तौड़गढ़, सवाई माधोपुर आदि।
4. मोरेल	मोरेल	सवाई माधोपुर, दौसा
5. गंभीरी	पांचना	करौली, दौसा, भरतपुर

240. निम्न में से असत्य तथ्य को पहचानिए :

A	B
(a) मूसी महारानी की छतरी	- अलवर
(b) गोपालसिंह की छतरी	- करौली
(c) रामगोपाल पोद्दार की छतरी	- रामगढ़
(d) गोपालसिंह पालीवाल की छतरी	- बीकानेर

RPSC-2018

Ans. (d) : सही सुमेलित है

1. मूसी महारानी की छतरी	- अलवर
2. गोपालसिंह की छतरी	- करौली
3. रामगोपाल पोद्दार की छतरी	- रामगढ़
4. गोपालसिंह पालीवाल की छतरी	- जैसलमेर